राज्यपाल सचिवालय, बिहार

राजभवन, पटना–800022

अपीलीय प्राधिकार के समक्ष सूचना का अधिकार संबंधी अपील वाद संख्या–58 (लो0सू0अ0)/2023–24

मो. जोहैब खान, फैजुल्लाह खान, हामिद कॉलोनी, वार्ड–29, पो.–लालबाग, जिला–दरभंगा–846004

बनाम

लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना

आदेश की क्रम संख्या एवं तिथि	आदेश फलक
18.07.2023	मो. जोहैब खान, पता–श्री फैजुल्लाह खान, हामिद कॉलोनी, वार्ड–29, पो.–लालबाग, जिला–दरभंगा–846004 के माध्यम से एक प्रथम अपील आवेदन दिनांक–15.07.2023 इस कार्यालय में दिनांक–18.07.2023 को प्राप्त हुआ है। उक्त अपील आवेदन के साथ शुल्क के रूप में 10/- रूपए का पोस्टल ऑर्डर संख्या–59F 995838 दिनांक–16.06.2023 संलग्न है। इसे लेखा शाखा को हस्तगत करायें। अपीलार्थी मो. जोहैब खान ने अपने अपील आवेदन में यह सूचित किया है कि उनके द्वारा दिनांक–15.06.2023 को सूचना अधिकार अधिनियम–2005 के अन्तर्गत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय को दिया था, परंतु सूचना लोक सूचना पदाधिकारी द्वारा सूचना उपलब्ध नहीं कराये जाने के फलस्वरूप प्रथम अपीलीय प्राधिकार, राज्यपाल सचिवालय के समक्ष प्रथम अपील दायर किया है। साथ ही मो. जोहैब खान उक्त अपील आवेदन के साथ प्रपत्र 'क' दिनांक–15.06.2023 की प्रति भी संलग्न है। लोक सूचना पदाधिकारी से उपर्युक्त प्रपत्र 'क' दिनांक–15.06.2023 से संबंधित अभिलेख की मॉग करें तथा अभिलेख पुनः सुनवाई हेतु दिनांक–03.08.2023 को उपस्थापित करें। सभी संबंधित को सूचित करें। ह0/- 19/7/2023 विशेष कार्य पदाधिकारी –सह– प्रथम अपीलीय प्राधिकार
	ज्ञापांक- 1163/रा0स0 (RTI) दिनांक- 24-07-2023 प्रतिलिपिः- लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, पटना/मो. जोहैब खान, पता-श्री फैजुल्लाह खान, हामिद कॉलोनी, वार्ड-29, पो.-लालबाग, जिला-दरभंगा-846004 को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। आई.टी. प्रबंधक, एन.आई.सी., राजभवन, पटना को आदेश के प्रति अपलोड करने हेतु प्रेषित। ह0/- 19/7/2023 विशेष कार्य पदाधिकारी

अपील वाद संख्या–58 (लो०सू०अ०) / 2023–24

आदेश की क्रम संख्या एवं तिथि	आदेश फलक	
03.08.2023	दिनांक-18.07.2023 को पारित आदेश के क्रम में लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय का प्रतिवेदन प्राप्त है। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार उन्होंने अपीलार्थी मो. जोहैब खान को उनके द्वारा दिये गए आवेदन दिनांक-09.06.2023 जिसके संबंध में सूचना की मांग उनके द्वारा प्रपत्र 'क' दिनांक-15.06.2023 के माध्यम से किया है पर की गयी कार्रवाई की सूचना अपने पत्रांक-90 दिनांक-07.07.2023 के माध्यम से भेजा है। लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय जो जन शिकायत कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी भी है द्वारा मो. खान के आवेदन को विशेष कार्य पदाधिकारी, लोक शिकायत निवारण केन्द्र, सूचना भवन, बेली रोड, पटना को नियमानुसार कार्रवाई हेतु प्रेषित किया है तथा इसकी प्रति अपीलार्थी को भेजी है। अतः मो. खान द्वारा अधोहस्ताक्षरी के समक्ष सूचना प्राप्त नहीं के कारण दायर किये गए प्रथम अपील में किसी प्रकार की अग्रतर कार्रवाई की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है। तद्नुसार सभी संबंधित को सूचित करें। 3/8/2023 विशेष कार्य पदाधिकारी -सह- प्रथम अपीलीय प्राधिकार	

ज्ञापांक-1253/रा०स०(M1)   दिनांक-04-08-2023

प्रतिलिपिः- लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, पटना/मो. जोहैब खान, पिता श्री फैजुल्लाह खान, हामिद कॉलोनी, वार्ड-29, पो.-लालबाग, जिला-दरभंगा-846004 को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

आई.टी. प्रबंधक, एन.आई.सी., राजभवन, पटना को आदेश के प्रति अपलोड करने हेतु प्रेषित।

3/8/2023

विशेष कार्य पदाधिकारी